PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Business Bhaskar, Faridabad
Wednesday 25th December 2013, Page: 5
Width: 13.80 cms, Height: 15.15 cms, a4, Ref: pmin.2013-12-25.59.57

# फरवरी में आएगा जीएसके फार्मा का ओपन ऑफर

## ओपन ऑफर के बाद जीएसके फार्मा में यूके स्थित पैरेंट कंपनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन की हिस्सेदारी पहुंच जाएगी 75 फीसदी तक

प्रेट्र ▶ नई दिल्ली...

**यूके स्थित ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन** (जीएसके) अपनी भारतीय सब्सिडियरी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स की 24.33 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करने के लिए ओपन ऑफर अगले साल फरवरी में लांच करेगी। इस ओपन ऑफर पर कंपनी 6,389.02 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है।

मंगलवार को बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर की गई एक फाइलिंग में जीएसके फार्मा ने कहा कि ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन का यह ओपन ऑफर 7 फरवरी, 2014 को खुलेगा और शेयर धारक इसमें 21 फरवरी, 2014 तक आवेदन कर सकेंगे। इस ओपन ऑफर के पूरी तरह सब्सक्राइब हो जाने की स्थिति में जीएसके फार्मा में ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन की हिस्सेदारी बढ़कर 75 फीसदी पर पहुंच जाएगी। मौजूदा समय में यह आंकड़ा 50.67 फीसदी के स्तर पर है।

ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन ने इस ओपन ऑफर के तहत जीएसके फार्मा की 24.33 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर 2,06,09,774 शेयर 3,100 रुपये के अधिकतम भाव पर खरीदने का प्रस्ताव किया है। मंगलवार को बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर जीएसके फार्मा के शेयर का भाव सोमवार की तुलना में 0.47 फीसदी की बढ़त के साथ 2,951 रुपये पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय कंपनी का पूंजीकरण 24,995 करोड़ रुपये पर दर्ज किया गया।

पूंजी बाजार नियामक सिक्युरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के मानकों के मुताबिक, किसी भी कंपनी की शेयर बाजारों में सूचीबद्धता कायम रखने के लिए उसमें पब्लिक शेयर होल्डिंग का स्तर न्यूनतम 25 फीसदी पर होना जरूरी है। ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन ने पूर्व में कहा था कि कंपनी की योजना जीएसके फार्मा को सूचीबद्ध बनाए रखने की ही है। जीएसके फार्मा देश की अग्रणी दवा निर्माता एवं वितरक कंपनी है। मौजूदा समय में कंपनी की विभिन्न यूनिटों में 5,000 के करीब कर्मचारी कार्यरत हैं। 31 दिसंबर, 2012 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का टर्नओवर 2,600 करोड़ रुपये से ज्यादा रहा था।

### तैयारी

**7 फरवरी, 2014**

को आवेदन के लिए खुलेगा जीएसके फार्मा का ओपन ऑफर

**21 फरवरी, 2014**

तक शेयर बेचने के लिए टेंडर जमा कर सकेंगे आम निवेशक

### शेयर चढ़े

**2,951**

रुपये पर बंद हुआ कंपनी के शेयर का भाव 0.47 फीसदी की बढ़त के साथ